लोक सभा अध्यक्ष ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी।

नई दिल्ली; 25 जनवरी; 2023: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी। अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा:

"गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

गणतंत्र हमारे लिए केवल एक शब्द मात्र नहीं है, बल्कि यह हमारे संप्रभु राष्ट्र का पर्याय है। हमारे राष्ट्र का आधार है।

आज के दिन हम अपने उन मनीषियों को याद करें, जिन्होंने देश की आज़ादी में भूमिका निभाई और संविधान निर्माण में अथक योगदान दिया।

आज भारत के आधुनिक गणतंत्र को 7 दशक से अधिक समय हो चुका है। इन दशकों में हमारे संविधान ने हमारे गणतंत्र को अधिक समर्थ और समृद्ध बनाया है।

आज हम जिस स्थान पर हैं, उसमें हमारे युवाओं और हमारी महिलाओं की नई सोच और इनोवेशन का बहुत बड़ा योगदान है। उनकी ऊर्जा, उनकी प्रतिभा के आधार पर भारत आज दुनिया में स्टार्ट अप और यूनिकॉर्न की राजधानी के रूप में जाना जाने लगा है। शिक्षा से लेकर रक्षा तक और खेल से लेकर अंतरिक्ष तक, आज हर क्षेत्र में महिलाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

हमारे किसान, मजदूर, एमएसएमई सेक्टर, छोटे-बड़े व्यापारी और प्रत्येक व्यक्ति देश की प्रगति में भागीदार है। सबका साथ सबका विकास की भावना से हम मजबूती से आत्मनिर्भरता एवं प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं।

हमारे इन सामूहिक प्रयासों का नतीजा है कि आज भारत दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। आज विश्व के मंचों पर हमारी सशक्त आवाज है। वसुधैव कुटुंबकम के ध्येय के साथ इस वर्ष हम जी-20 के देशों की अध्यक्षता कर रहे हैं।

आज इस अवसर पर देश का प्रत्येक नागरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी को बढ़ाने का संकल्प ले, हमारे गणतंत्र में निहित स्वतंत्रता, समानता, न्याय और बंधुता के आदर्शों को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प ले; ताकि हमारा लोकतंत्र और सशक्त हो, मजबूत हो।

इसी संदेश के साथ आपको पुनः गणतंत्र दिवस की अनेक शुभकामनाएं।

धन्यवाद।"